# 20 ग्राम पंचायतों में अंत्योदय संबल पखवाड़े के शिविर लगे

**जालोर**, (का.सं.)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान शनिवार को 20 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांन्वित किया गया।

पखवाड़े के दौरान शनिवार को शनिवार को जालोर उपखण्ड की मडगांव व रेवत, आहोर उपखण्ड की भंवरानी, रायथल, ओडवाड़ा व बावड़ी, सायला उपखण्ड की जीवाणा, आलवाड़ा व मेंगलवा, जसवंतपुरा उपखण्ड की पुरण व जोडवाड़ा, रानीवाड़ा उपखण्ड की कुड़ा, करवाड़ा व दांतवाड़ा, चितलवाना उपखण्ड की झाब, गुडाहेमा व ईटादा तथा सांचौर उपखण्ड की लाछीवाड़, पमाणा व खारा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफ़एसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। वही रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण किया गया। शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, कृषि, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक न्याय व अन्य विभागों की जनोपयोगी सेवाओं से ग्रामीणों को लाभांवित किया गया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान जालोर तहसील की बिबलसर ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में देलदरी ग्राम निवासी शैतानसिंह पुत्र हबतसिंह व आपेश्वर महादेव गौशाला समिति देलदरी के बीच राजस्व रिकॉर्ड में बंटवाड़ा किया गया। ग्राम देलदरी में स्थित आपेश्वर गौशाला समिति को शैतानसिंह द्वारा 0.64 हैक्टेयर जमीद दान की गई थी, लेकिन जमाबंदी में सामलाती खातेदारी होने से गौशाला को राज्य सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। जालोर तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित, बिबलसर पटवारी नरेश कुमार व भू-अभिलेख निरीक्षक हेमंत कुमार ने सामलाती खातेदारों को बुलाकर शैतानसिंह व आपेश्वर गौशाला सेवा समिति के मध्य राजस्व रिकॉर्ड में बंटवाड़ा करवाने के लिए समझाईश की गई। जिसके आधार पर शैतानसिंह व आपेश्वर गौशाला सेवा समिति के मध्य राजस्व रिकॉर्ड में बंटवाड़ा दर्ज किया गया। बंटवाड़ा होने से आपेश्वर गौशाला सेवा समिति देलदरी को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत अनुदान का लाभ मिल सकेगा।

पखवाड़े के दौरान भारत सरकार के पंचायतीराज मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की योजना के तहत गैर संचारी रोगों की रोकथाम के लिए बी.पी., शुगर, कैंसर की स्क्रीनिंग कर निःशुल्क दवाईयाँ वितरित की गई। जालोर जिले में रानीवाड़ा पंचायत समिति की दईपुर ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में दईपुर निवासी मसराराम को निक्षय किट प्रदान किया गया। निक्षय किट मिलने की खुशी में मसराराम ने राज्य सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे की सराहना की। शिविर से पूर्व राजस्व रेकर्ड में मफाराम का नाम मकाराम दर्ज था जिससे मफाराम को पिछले कई वर्षो से सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं पा रहा था। शिविर में रानीवाड़ा तहसीलदार हनवंतसिंह देवड़ा ने मफाराम का नाम राजस्व रेकर्ड में पहचान दस्तावेज के अनुसार दर्ज करवाया जिससे अब सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। मफाराम ने राज्य सरकार व प्रशासन का आभार जताया।

वही पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत 29 जून को सायला उपखण्ड की बावतरा, भाण्डवपुर व कोमता ग्राम पंचायत में शिविर लगेंगे।

## भामाशाह सम्मान समारोह हुआ

**जालोर**, (का.सं.)। जिले में शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले भामाशाहों और प्रेरकों के सम्मान में शनिवार को 29वां जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) जालोर के सभागार में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि जिला प्रमुख राजेश राणा, अध्यक्षता जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत, कलावंत जिला शिक्षाधिकारी मुख्यालय माशि भंवरलाल परमार व डाइट प्रधानाचार्य भेराराम उपस्थित रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर समारोह की शुरूआत की।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्राशि,जालोर मुनेश कुमार मीना ने बताया कि जिले के सभी ब्लॉकों से चयनित 104 भामाशाहों और 39 प्रेरकों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है। इन भामाशाहों ने विद्यालय निर्माण में संसाधनों की उपलब्धता और विद्यार्थियों की सुविधा के लिए आर्थिक सहयोग दिया। प्रेरकों ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता और नवाचारों से अहम भूमिका निभाई।

# जैसलमेर में जनता दुर्ग को लेकर चिंतित, खतरे का डर



**जैसलमेर शहर में मूसलाधार बरसात से जनता को किले की दीवार गिर जाने एवं उससे जानमाल का खतरा लग रहा है।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर शहर में गुरुवार व शुक्रवार को115 मिमी हुई मूसलाधार बरसात से जनता को किले की दीवार गिर जाने एवं उससे जानमाल का खतरा लग रहा है।

गौरतलब है कि नगरपरिषद आयुक्त लजपालसिंह सोढा अपनी जिद्द में बिना पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की अनुमती के लक्ष्मीनाथ मंदिर के मुख्य मार्ग पर किले की दीवार से छेडछाड करवा रहे हैं। किले की नीव सामने नजर आ रही है।

किला घिंया पत्थर के पहाड पर टिका हुआ है नींव में पानी जाने से घिंया पत्थर फूल जाता है ।उससे दीवार गिरने का पूरा खतरा है। इसको लेकर पूर्व में पुरातत्व दिल्ली की सर्वेक्षण टीम ने भी चेतावनी दे रखी है।

शहर के वरिष्ठ नागरिक चम्पालाल ने बताया कि मंदिर के भक्तो की स्थिति खतरे में है उन्होंने बताया कि नगरपरिषद आयुक्त लजपालसिंह सोढा अपनी जिद्द में अडे हुए है। कलेक्टर प्रतापसिंह द्वारा कार्य बंद करवाने का कहने के बाद भी नही मान रहै है। पूरे प्रकरण की जानकारी एक रहवासी ने सूचना के अंतर्गत मांगी है।

शहरवासी एवं पूर्व पार्षद मगन सैन ने लिखा है कि आयुक्त लजपालसिंह को रोकने वाला कोई नही वो कुछ भी करवा सकते है।

वर्तमान पार्षद नारायणसिंह ने भी आयुक्त के इस कार्य की भर्त्सना की है।

## संस्कारों को भी महत्व दें : भोमाराम महाराज

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को नया आयाम देने के लिए सुबोध क्लासेज का शुभारंभ शनिवार को गुरु महाराज ब्रह्मऋषि भोमाराम महाराज के सानिध्य में हुआ। गुरु महाराज ने फीता काटकर क्लासेज की शुरुआत की और अपने आशीर्वचन में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में संस्कारों के महत्व पर बल दिया।


उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धा के दौर में बच्चों पर अनावश्यक मानसिक दबाव डाला जा रहा है, जिससे वे गलत संगति व नशे की ओर आकर्षित हो रहे हैं। बच्चों को समय से पूर्व प्रतियोगिता की दौड में धकेलने से बचना चाहिए।

सुबोध क्लासेज जालोर में ही उच्चस्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवा कर बच्चों और अभिभावकों की इस चिंता का समाधान बनेगा। संस्था निदेशक किशोर राजपुरोहित ने बताया कि अब जालोर के विद्यार्थियों को नीट, जेईई जैसी कङ्गिन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोटा, सीकर जैसे बडे शहरों की ओर रुख करने की आवश्यकता नहीं होगी। सुबोध क्लासेज में नवमी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में समस्त विषयों की तैयारी करवाई जाएगी। साथ ही, विशेष रूप से कला वर्ग के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी माध्यम में कोचिंग की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर सुबोध ग्रुप ऑफ स्कूल के चेयरमेन तेन सिंह परमार, शिक्षाविद संदीप जोशी, अनीश मेहता, पवन सेवदा, संस्था शिक्षक, गुरु भक्त सहित बडी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अतिथियों ने सुबोध क्लासेज द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे इस नवाचार की सराहना की और भविष्य में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जुठाराम सोलंकी अध्यक्ष बने



**जालोर में माली समाज सोलंकी लायसा परिवार संस्थान की कार्यकारिणी के चुनाव हुए।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। माली समाज सोलंकी लायसा परिवार सेवा संस्थान क्षेमंकरी माता मंदिर जालौर चुनाव प्रक्रिया शनिवार को संपन्न हुई।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान जुठाराम सोलंकी को सर्व सहमति से निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया था। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा आमसभा में की। जिसमें उपाध्यक्ष पद पर मोहनलाल दिलीप सोलंकी मंत्री पद पर सुरेश कुमार सोलंकी सह मंत्री नरेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार सह कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार संगठन मंत्री हरिराम सह संगठन मंत्री रामलाल प्रचार मंत्री हुकुमचंद सोलंकी सह प्रचार मंत्री रामलाल विधि सलाहकार अशोक कुमार व सदस्य में भंवरलाल लच्छाराम चंपालाल रमेश कुमार पप्पू राम जगदीश कुमार महेश कुमार गिरधारी लाल पुखराज सुरेश कुमार चुन्नीलाल सुरेश कुमार प्रकाश कुमार नियुक्त किया।

साथ ही अध्यक्ष जुठाराम सोलंकी ने संरक्षक पद पर जोगालाल गोपाराम नेकराम मादाराम बगदाराम चेलाराम लखमाराम पुखराज पुखराज राजूराम वचनाराम को नियुक्त किया वहीं परामर्शदाता के रूप में कालूराम लच्छाराम मुकनाराम तेजाराम पूराराम कैलाश कुमार मोहनलाल अचलाराम कमलेश कुमार वेलाराम राजेंद्र कुमार को नियुक्त किया। साथ ही नवीन कार्यकारिणी का माला व साफा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। चुनाव अधिकारी रमेश कुमार सोलंकी का भी माला साफा पहनाकर धन्यवाद ज्ञापित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष जूठाराम सोलंकी ने नवीन कार्यकारिणी को बधाई शुभकामनाएं दी।

## बैनर का विमोचन

**जोधपुर**, (कासं) । दईजर लाछा बासनी में संवित धाम आश्रम में बारह जुलाई से प्रारंभ हो रहे दिव्य महामृत्युंजय कोटि रुद्र हवन के बैनर का विमोचन बड़ा रामद्वारा सूरसागर के महंत डॉ. रामप्रसाद महाराज ने किया।

सोमयाजी अग्निहोत्री पंडित नवरतन व्यास के आचार्यत्व में यज्ञशाला में एक करोड़ महामृत्युंजय मंत्र की आहुतियां दी जाएगी।

## बार कौंसिल ने कई निर्णय लिए

**जोधपुर**, (कासं) । बार कौंसिल ऑफ राजस्थान की कार्यकारिणी समिति की बैठक शनिवार को हाइब्रिड मोड के माध्यम से भुवनेश शर्मा, चेयरमैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में सदस्यगण जगमाल सिंह चौधरी, राजेश पंवार, घनश्याम सिंह राठौड़ एवं राम प्रसाद सिंगारिया तथा विशेष आमंत्रित सदस्यों में देवेन्द्र सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष, सुरेश चन्द्र श्रीमाली, को-चेयरमेन बार कौंसिल ऑफ इंडिया, नवरंग सिंह चौधरी, हरेन्द्र सिंह सिनसिनवार, को-चेयरमेन, सैयद शाहिद हसन, कुलदीप कुमार शर्मा व सुशील कुमार शर्मा उपस्थित थे।

समिति द्वारा अधिवक्ताओं से प्राप्त नाम परिवर्तन आवेदन पत्रों पर विचार विमर्श कर उनका निस्तारण किया गया। समिति द्वारा अधिवक्ताओं से प्राप्त नाम के आगे डॉ. लगाने के लिए किए गए आवेदन पत्रों पर विचार विमर्श कर उनको अनुमति प्रदान की गयी।

समिति द्वारा बार कौंसिल ऑफ राजस्थान एवं राजस्थान अधिवक्ता कल्याण कोष की अद्धर्वार्षिक अंकेक्षण रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2024-25 पर विचार-विमर्श कर उसे अनुमोदित किया गया।

# जोधपुर रेल मंडल ने अत्याधुनिक स्वदेशी सॉफ्टवेयर विकसित किया

**जोधपुर**, (कासं)। भारतीय रेलवे में तकनीकी नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल ने पूरी तरह से इन-हाउस (स्वदेशी) रूप से एक उन्नत वेब-आधारित स्पीडो मीटर विश्लेषण सॉफ्टवेयर का सफल विकास किया है।

मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि यह सॉफ्टवेयर ट्रेन संचालन के दौरान उत्पन्न स्पीडो मीटर डेटा का विश्लेषण कर, लोको पायलट की ड्राइविंग तकनीक और गति प्रतिबंधों के अनुपालन की निगरानी करता है। इस नवाचार की पहल जोधपुर मंडल के यांत्रिक विभाग के वरिष्ठ इंजीनियर, जोगेन्द्र मीणा के नेतृत्व में पूर्णतः मंडल स्तर पर विकसित की गई है।

डीआरएम त्रिपाठी ने बताया कि इस सॉफ्टवेयर को 21 जून को जयपुर में आयोजित प्रतिष्ठित 65वीं इलेक्ट्रिकल स्टैंडर्ड्स कमेटी बैठक में वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक अभियंता (शक्ति) जोगेंद्र मीना द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के सदस्य (कर्षण एवं रोलिंग स्टॉक) बी.एम. अठावाल, महाप्रबंधक/उत्तर पश्चिम रेलवे अमिताभ, तथा पूरे भारतीय रेलवे से आए वरिष्ठ विभागाध्यक्ष की उपस्थिति रही। उपरोक्त प्रस्तुति को व्यापक सराहना प्राप्त हुई।

यह सॉफ्टवेयर मुख्य लोको निरीक्षक को अब मैन्युअल डेटा विश्लेषण की आवश्यकता के बिना, कुछ ही मिनटों में सटीक, विस्तृत एवं ग्राफिकल रिपोर्ट प्रदान करता है। इस प्रणाली से ड्राइविंग पैटर्न, ब्रेकिंग तकनीक एवं गति प्रतिबंधों के पालन की वास्तविक समय में निगरानी संभव हो पाई है।

जहां पूर्व में इस प्रक्रिया में घंटों का समय और भारी मानव संसाधन लगते थे, अब यह कार्य पूर्णतः डिजिटल, तेज और प्रभावी हो गया है। यह नवाचार परिचालन दक्षता, सुरक्षा और निगरानी प्रणाली को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## बाल श्रमिक मुक्त कराया

**जोधपुर**, (कासं) । मानव तस्करी विरोधी यूनिट की जिला पूर्व प्रभारी सुमन कुमारी ने घंटाघर स्थित सन्नी किराणा स्टोर पर रेड दी।

जहां से एक नाबालिग को बालश्रम से मुक्त करवाया।

सन्नी किराणा स्टोर के संचालक सन्नी शोभनानी के खिलाफ जेजे एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया।

वहीं लूणी थाना क्षेत्र में करनीयाली गांव निवासी घनश्याम पुत्र गोपाराम ने 13 जून को भूलवश विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था।

जिस पर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। 10-12 दिन तक जीवन मृत्यु से संघर्ष अब उसकी मौत हो गई।

लूणी पुलिस ने उसके पिता गोपाराम की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज किया।

# स्काउट गाइड का अभिरूचि शिविर संपन्न

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय पाली के तत्वावधान में दिनांक 17 मई से 30 जून 2025 तक आयोजित होने वाले कला कौशल एवं अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर का वंदे मातरम उच्च माध्यमिक विद्यालय जयनगर पाली में हर्ष और उल्लास के साथ में समापन किया गया।

सी ओ स्काउट गोविन्द मीना ने बताया कि जिला मुख्यालय पाली पर तीन स्थानों पर कला कौशल एवं अभिरुचि शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें महामना मालवीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शेखावत नगर पाली में 178 संभागी, सुदर्शन बाल मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेंद्र नगर पाली में 139 संभागी एवं कात्यानी उच्च माध्यमिक विद्यालय नयागांव पाली में 101 संभागीय सहित कुल 418 संभागीय ने 45 दिवसीय समर कैंप में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

45 दिवसीय प्रशिक्षण में तीन शिविर केदो पर 40 से अधिक प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इसमें मुख्य रूप से सिलाई कला, नृत्य कला, आर्ट एंड क्राफ्ट, कंप्यूटर शिक्षा, मेहंदी लगाना, चित्रकला, वेस्ट टू बेस्ट,योग एवं प्राणायाम, कराटे,आत्मरक्षा, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, प्रार्थना के साथ-साथ स्काउट गाइड के विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

समापन समारोह में जिला अध्यक्ष भारत स्काउट व गाइड महेंद्र बोहरा, सहायक राज्य संगठन आयुक्त जोधपुर छतर सिंह पीडियार, जिला सचिव जोधपुर डॉ. बी एल जाखड़, पूर्व विधायक ज्ञान चंद पारख, स्काउट संगठन जिला उपाध्यक्ष सीमा त्रिवेदी, उप निदेशक प्रकाश चंद सिंघाड़िया, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा खिंवाराम चौधरी, सी ओ गाइड डिंपल दवे, सहायक निदेशक सोहन लाल भाटी, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी तुलसीराम चौहान, कार्यक्रम अधिकारी कल्याण सिंह, प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर बसंत परिहार, नरेंद्र तिवारी, कात्यायनी स्कूल निदेशक भीमसिंह, सुदर्शन स्कूल के निदेशक छोगाराम, महामना मालवीय स्कूल संचालक महावीर सिंह टेवाली, वंदेमातरम स्कूल प्रिंसिपल सुरेंद्र सिंह आदि की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

सी ओ गाइड डिंपल दवे ने बताया कि 45 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में सुबह 7:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक ग्रीष्मकालीन अवकाश दिवस में बालक बालिकाओं एवं गृहणियों द्वारा जीविकोपार्जन से संबंधित विषयों में विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण लेने के साथ में आगामी भविष्य में जीविकोपार्जन का माध्यम चुनने का भी मार्ग प्रशस्त किया।

विगत सालों में इस प्रकार के अभिरुचि केंद्रों में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विभिन्न महिलाओं एवं युवतियों द्वारा स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करके अपने पैरों पर खड़ा होकर स्वालंबन का उदाहरण पेश किया है।

सहायक निदेशक सोहन भाटी ने बताया कि 45 दिवसीय कला कौशल एवं अभिरुचि शिविर में 400 से अधिक संभागियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने के साथ-साथ में जिला स्तरीय विभिन्न कार्यक्रमों में जिला प्रशासन के साथ में सहभागिता की जिसमें मुख्य रूप से वंदे गंगा जल संरक्षण एवं जन जागरूकता अभियान, हरियालो राजस्थान, योग दिवस में बढ़ चढ़कर अपनी हिस्सेदारी एवं भागीदारी को दर्ज कराया।

जल संरक्षण एवं जन जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, के साथ में जन जागरूकता हेतु विभिन्न रैलियों का आयोजन भी किया गया।

इसके साथ विशेष कार्यक्रमों के तहत जिला कलेक्टर पाली द्वारा पक्षियों के लिए परिंडा अभियान के तहत पक्षियों के लिए परिंडा बांधकर उनको नियमित रूप से जल से सिंचित करना तथा उनकी देखभाल करना, वृक्षारोपण, विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति अभियान में पोस्टर प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता एवं जागरूकता रैली का आयोजन, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण एवं पौधों की सार संभाल एवं निबंध, स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिताओं के माध्यम से जन चेतना कार्यक्रम आयोजित करवाना मुख्य रूप से किए गए ।

समापन समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हॉबी सैंटर में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 400 से अधिक संभागी, अभिभावक, विभिन्न लोगों सहित लगभग 800 से अधिक की लोगो की उपस्थिति में धूमधाम से समापन समारोह संपन्न हुआ ।

कार्यकम में सर्वप्रथम प्रदर्शनी का उद्घाटन श्री बोहरा जी द्वारा फीता काटकर किया गया, सभी अतिथियों द्वारा प्रदर्शनी अवलोकन किया गया तथा 45 दिवसीय प्रशिक्षण में बालकों द्वारा सीखी गई विभिन्न कलाओं को विभिन्न मॉडल और सामग्री तैयार कर प्रदर्शित किया गया।

समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पाली महेंद्र बोहरा ने कहा कि स्काउट गाइड गतिविधि से न केवल बालचर अनुशासित और संस्कारवान बना रहे हैं अपितु अभिरुचि शिविरों के माध्यम से ग्रीष्मकालीन अवकाश का बहुमूल्य उपयोग के लिए प्रयोग में लिया जाकर जीवन को हुनरमंद बनाने के साथ-साथ स्वावलंबी बनाने का भी प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं, शिविरों में सीखी गई कलाओं से युवतियां और ग्रहणियां आगामी समय में अपना व्यवसाय स्थापित करके खुद को सक्षम बनाकर परिवार को आर्थिक रूप से सुदृढ बना सकती है तथा भावी पीढ़ी के विकास में महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में साबित होगी, बालकों को संस्कारवान बनाने के साथ-साथ अनुशासित और हुनरबंद बनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है जिस पर स्काउट गाइड संगठन लगातार कई दशकों से कार्य कर रहा है।

पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख ने शिविर के नन्हे बालक बालिकाओं द्वारा "राम आएंगे" गीत पर प्रस्तुत नृत्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को अभिरुचि शिविरों के माध्यम से संस्कारवान बनाने के साथ में अनुशासित बनाना तथा भारतीय संस्कृति एवं सनातन संस्कृति की परंपरा के निर्वहन एवं दायित्वों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए सभी ट्रेनर्स की प्रशंसा की एवं भविष्य में इस प्रकार के आयोजन में अधिकाधिक संभागियों की सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

जिला सचिव जोधपुर डॉक्टर बी. एल. जाखड़ ने बताया कि स्काउट गाइड संगठन विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी ओर युवा संगठन होने के साथ-साथ भारत में 50 लाख से अधिक युवाओं का संगठन है जो युवा पीढ़ी को अनुशासित और संवेदनशील बनाने के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता को भी विकसित कर रहा है, जिला मुख्यालय पाली के द्वारा आयोजित समापन समारोह की प्रशंसा करते हुए कौशल विकास शिविर में भाग लेने वाले संभागियों को भारत स्काउट गाइड गतिविधि से जुड़कर मंडल, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के साथ में अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों में भी सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया।

जिला शिक्षा अधिकारी खीमाराम चौधरी ने सभी संभागी और प्रशिक्षण स्टाफ को स्मृति चिन्ह प्रदान कर बहुमन किया एवं दिनांक 05 जून 2025 से 20 जून 2025 तक जिला मुख्यालय पर आयोजित वंदे गंगा जल संरक्षण एवं जन जागरूकता अभियान में सहभागिता कर विशेष सहयोग प्रदान करने वाले स्काउट गाइड रोवर, रेंजर और स्टाफ को जिला कलेक्टर महोदय द्वारा हस्ताक्षिरत प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

सेवानिवृत होने वाले अधिकारियों का किया बहुमान- सेवानिवृत्ति होने वाले अधिकारियों का किया बहुमान सी. ओ. गाइड डिंपल दवे ने बताया की आगामी 30 जून को सेवानिवृत होने वाले उपनिदेशक प्रकाश चंद सिंघाड़िया, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोमादड़ा से भीम सिंह चंपावत और जुलाई में सेवानिवृत होने वाले सहायक निदेशक सोहन भाटी को साफा बांधकर, स्मृति चिन्ह प्रदान कर एवं स्काउट गाइड परंपरा अनुसार स्कार्फ पहनाकर सेवानिवृत्ति की शुभकामनाएं दी गई ।

शिविर में 45 दिवस तक प्रशिक्षण प्रदान करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न विषयों में प्रतियोगिताओं के माध्यम से विभिन्न स्तर प्राप्त करने पर स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, वंदे मातरम स्कूल में संभागियों को समापन समारोह में उत्कृष्ट भौतिक व्यवस्थाओं के लिए जिला एवं मंडल मुख्यालय पदाधिकारियों द्वारा प्रशंसा करके आभार प्रकट किया गया,

इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक दीपक जावा, स्थानीय संघ पाली के सचिव कैलाश कुमार, स्थानीय संघ गुंदोज सचिव प्रदीप कुमार शर्मा, स्थानीय संघ सचिव दौलत सिंह, बलवीर पारगी, गोपाल पंवार, जयपाल सिंह, बस्तीराम भाटी, पोलाराम , हिम्मत पटेल, वजाराम राणा, गणपत लाल पन्नू, संजय सैन, आदि के द्वारा विशेष सहयोग प्रदान करने पर बहुमन किया गया।

45 दिवसीय कला कौशल एवं अभिरुचि शिविर में जिला मुख्यालय पाली से मुख्य समन्वयक के रूप में कार्य करने वाले एवं स्काउट यूनिट लीडर दीपक जावा ने बताया कि इस आयोजन में बालक बालिकाओं को फैशन शो, चित्रकला, मेहंदी प्रतियोगिता, सिलाई, कढ़ाई, वेस्ट टू बेस्ट, संगीत, नृत्य कला, योग, आत्मरक्षा आदि के प्रशिक्षण के माध्यम से बालक बालिकाओं को शारीरिक, बौद्धिक, एवं कौशल में मजबूती तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करना एवं भविष्य में खुद को स्वावलंबी बनाने के साथ में जीवन के हर कदम पर खुद को मजबूती के साथ में एक आदर्श नागरिक के रूप में तैयार करना उद्देश्य हैं, कला कौशल शिविरों में प्रतिवर्ष प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणर्थियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी से इस प्रकार के शिविरों के आयोजन का उद्देश्य एवं सफलता का परिचायक है।

# आर्य वीर दल ने सामाजिक चेतना शोभायात्रा निकाली



**जालोर में आर्य वीर दल ने सामाजिक चेतना शोभायात्रा निकाली।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के लाल पोल के अंदर स्थित आर्य सुभाष व्यायाम शाला से शुक्रवार शाम को आर्य वीर दल की सामाजिक चेतना शोभा यात्रा को आर्य वीर दल राजस्थान के अधिष्ठाता विनोद आर्य, महामंत्री शिवदत्त आर्य, आर्य समाज के प्रधान दलपत सिंह आर्य व अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने ओम ध्वज दिखाकर रवाना किया। शनिवार की प्रातःसुंदर यज्ञ का आयोजन कर सौ बालक-बालिकाओं का यज्ञोपवीत संस्कार करवाया गया।

शिविर संयोजक भरत कुमार भादरु व सह संयोजक जगदीश आर्य ने बताया कि शोभायात्रा आर्य सुभाष व्यायाम शाला से प्रारंभ होकर लाल पोल, गौरव पथ, हरिदेव जोशी सर्कल, पंचायत समिति रोड,भक्त प्रहलाद चौक होते हुए व्यायाम शाला पहुंची। बालक बालिकाओं ने जगह-जगह पर लाठी, तलवारबाजी व युद्ध कला का प्रदर्शन कर लोगों का दिल जीत लिया। नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं ने महापुरुषों के स्वांग रचे थे। जिसको देखकर हर कोई मोहित हो रहा था। शोभायात्रा का जगह-जगह लोगों ने फूलमालाओ, पुष्प वर्षा कर, बिस्कुट, फल कोल्ड ड्रिंक्स, शीतल जल, शरबत, ठंडाई,रचना, मल्करोज आदि विभिन्न पेय पदार्थ पिलाकर से स्वागत किया। आर्य वीरों ने छुआछूत भगाओ, नारी शिक्षा दिलाने, गौ माता जय, नशाबंदी करने भारत माता की जय, मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र की जय, योगिराज कृष्णचंद्र की जय, महर्षि दयानंद की जय, व भारत माता की जय के उद्घोष के साथ उनका जोश देखते ही बनता था। लोगों ने उनके प्रदर्शन की मुक्त कंठ सराहना की।

शोभा यात्रा व्यायामशाला पहुचाकर सभा के रूप में परिवर्तित हो गई ।जहां आर्य वीर दल, जोधपुर के अध्यक्ष हरि सिंह आर्य ने संबोधित करते हुए कहा कि वेदों के बताए रास्ते पर चलकर ही संसार का भला हो सकता है।आज के युग में युवाओं के आत्म रक्षा, चरित्र निर्माण और संस्कार की आवश्यकता है।

उन्होन बताया कि सुबह व शाम 6 बजे से 8 बजे तक विभिन्न सत्रों में आसन, प्राणायाम,योग, कमांडो ट्रेनिंग,शाखा संचालन , लाङ्गी एवं तलवारबाजी का प्रशिक्षण जोधपुर के दक्ष प्रशिक्षक उम्मेद सिंह आर्य, आर्ष गुरुकुल महाविद्यालय,आबू पर्वत के नेमीचंद आर्य व सूरज आर्य द्वारा दिया जा रहा है।

इस अवसर पर जोधपुर से आए आर्य वीर दल के महामंत्री डॉ लक्ष्मण सिंह आर्य पूर्व कोषाध्यक्ष शिव प्रकाश सोनी,वीरेंद्र मेहता द्वारिका दास आर्य, समाजसेवी मुरलीधर शर्मा, आर्य वीर दल के संचालक प्रशांत आर्य,संगङ्गन मंत्री कांतिलाल आर्य, पूर्व पार्षद फूलाराम प्रजापत, शाखानायक कन्हैयालाल मिश्रा ,गणपत आर्य, पूर्व संचालक छगन मीणा, मोहनलाल भादरू, छगननाथ , भंवर सिंह भाटी उपस्थित है।